भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3714
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**बाराबंकी में पर्यटन विकास**

**†3714. श्री तनुज पुनिया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना है अथवा कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में पर्यटन के विकास के लिए प्रदान की जा रही/प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त धनराशि का किस प्रकार उपयोग किया गया है/उपयोग किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में विशेषकर उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ड.): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के रूप में नया रूप प्रदान किया है, जिसका उद्देश्य गंतव्य और पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण का पालन करते हुए सतत और जिम्मेदारीपूर्ण पर्यटन स्थलों का विकास करना है।

भारत सरकार ने प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) के दिशानिर्देशों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उत्तर प्रदेश राज्य के लिए उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों के पूरा होने तथा निधियों की उपलब्धता के अधीन इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री तनुज पुनिया द्वारा बाराबंकी में पर्यटन विकास के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3714 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में **विवरण**

**(i) उत्तर प्रदेश राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी/ प्राधिकृत राशि*** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक स्थिति (%)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 | 72.56 | 68.43 | पूर्ण |
| 2. | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 | 64.09 | 56.03 | पूर्ण |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 | 69.63 | 69.63 | पूर्ण |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चंदौली-मिश्रिख-भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 | पूर्ण |
| 5. | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) का विकास - मगहर धाम (संत कबीर नगर) - चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) | 36.65 | 36.65 | 36.65 | पूर्ण |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 | 115.46 | 113.22 | पूर्ण |
| 7. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 12.03 | 11.43 | 11.69 | पूर्ण |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) एवं वटवाष्णि मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 18.12 | 18.12 | पूर्ण |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि शामिल है।

**(ii) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाएं**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृति की तिथि** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 05-03-2024 | 13.02 |
| 2 | नैमिषारण्य | वैदिक-कल्याण अनुभव | 05-03-2024 | 15.94 |

**(iii). उत्तर प्रदेश राज्य में प्रशाद के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी/प्राधिकृत राशि*** | **भौतिक प्रगति %** | **वित्तीय प्रगति %** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी का विकास - चरण - I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% | 100% |
| 2 | मथुरा-वृंदावन का मेगा टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% | 100% |
| 3 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% | 100% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% | 100% |
| 5 | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% | 71% |
| 6 | गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% | 78% |

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि शामिल है।

**(iv). उत्तर प्रदेश राज्य में केंद्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति तिथि** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसीसारनाथ में स्मारकों की प्रकाश / सारनाथ में धमेख स्तूप) व्यवस्था, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल( | 28-02-2015 | 512.43 | 381.47 |
| 2 | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था :<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट )300 मीटर का विस्तार(<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 21-12-2017 | 293.55 | 293.55 |

**(v) उत्तर प्रदेश राज्य के लिए 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास (एसएएससीआई योजना)' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 2024-25 | 74.05 |
| 2 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 2024-25 | 80.24 |

*****